Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding production of coins and make an arrangement for the distribution of coins by the banks and post office.

श्री अधीर रंजन चौधरी (**बहरामपुर**): सभापति महोदय, हमारे हिन्दुस्तान में सदियों पुरानी सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एक बहुत बड़ी संस्था है। शायद, इसके बारे में आपको जानकारी होगी।

सर, एसपीएमसीआईएल की चारों टकसालों में वित्त वर्ष 2022-23 में कोई उत्पादन लक्ष्य तय नहीं किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व में घोषित नोटबंदी की तरह इस सरकार के द्वारा अघोषित मुद्रा बंदी की जा रही है। क्योंकि, सरकार या एसपीएमसीआईएल द्वारा आरबीआई से सिक्कों का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। सिक्कों की वितरण प्रणाली को केवल आरबीआई के हाथ में रखने के अलावा बैंकों द्वारा एटीएम में नोट रखने के लिए जिस तरह से प्राइवेट कंपनियों को रखा जाता है, उसी प्रकार दुकानों पर सिक्कों का वितरण करने हेतु प्राइवेट कंपनियों से सिक्कों की वितरण व्यवस्था करायी जानी चाहिए। बैंकों के अलावा पोस्ट ऑफिस के द्वारा भी सिक्कों की वितरण व्यवस्था की जानी चाहिए, क्योंकि डाकघर देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। उनके द्वारा देश के हर क्षेत्र में सिक्कों का वितरण सुनिश्चित हो सकता है। इसलिए, मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि टकसालों को बंद करने के बजाय सिक्कों का उत्पादन लक्ष्य जारी करने के लिए आदेश दें। धन्यवाद।